


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-**04.03.2025** के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री मुकेश कुमार यादव, स०वि०स०<br>श्री समीर कुमार महासेठ, स०वि०स०<br>श्रीमती प्रतिमा कुमारी, स०वि०स०<br>श्री मोहम्मद अंजार नईमी, स०वि०स०<br>श्री सुर्यकान्त पासवान, स०वि०स० | ''प्रदेश में घोड़परास (नीलगाय) की संख्या तीन लाख से उपर हो चुकी है और राज्य के 34 जिलों में घोड़परासों द्वारा आतंक का कहर बरपाया जा रहा है। जिससे किसान त्राहिमाम कर रहे हैं, मधेपुरा, बाँका, किशनगंज एवं कटिहार जिला को छोड़कर अन्य सभी जिलों में इनकी पहुँच हो चुकी हैं। बेगुसराय, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गया, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, बक्सर, गोपालगंज, मधुबनी, पटना, हाजीपुर, समस्तीपुर, सारण आदि जिलों में इनकी संख्या 15 हजार से 30 हजार के बीच हो चुकी है। किसानों का फसल नुकसान के साथ-साथ जान माल का भी नुकसान किया जा रहा है।<br>अतः इन घोड़परासों से सुरक्षा हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं।'' | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग। |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० श्री हरिभूषण ठाकुर ''बचोल'', स०वि०स० श्री सुधांशु शेखर, स०वि०स० | ''होमी भाभा कैंसर अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र के द्वारा मुजफ्फरपुर के विभिन्न इलाकों में डॉक्टर एवं कर्मचारियों के माध्यम से वर्ष 2019–21 में जनसंख्या आधारित कैंसर निबंधन सर्वे कराया गया था। इसकी रिपोर्ट चौंकाने वाली आयी हैं। सर्वे के मुताविक गृहिणियों में 45 फीसदी, किसान 12.7 फीसदी, सरकारी कर्मचारियों में 9.7 फीसदी, निजी क्षेत्र में काम करने वाले 4.4 फीसदी लोग इस कैंसर बीमारी के शिकार हैं। कैंसर बीमारी के चपेट में आने वालों में 3.6 फीसदी छात्र, दुकान चलाने वाली महिला- पुरुष मिलाकर 6.1 फीसदी कैंसर बीमारी से ग्रसित हैं। सर्वे निबंधन में शामिल 30 फीसदी ऐसे लोग कैंसर के शिकार मिले जो निरक्षर हैं। इसके अलावे कॉलेज जाने वाले 19.7 फीसदी, छात्र–छात्राएँ भी इस बीमारी के शिकार हैं। जानकारी के अभाव मे कई लोग कैंसर का इलाज नहीं करा रहे हैं।<br>अत: इस बीमारी की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाने तथा इस रोग को नियंत्रित करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं।'' | स्वास्थ्य विभाग । |

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-02/25- 142 /वि०स०, पटना, दिनांक- 3 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 03.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-02/25- 142 /वि०स०, पटना, दिनांक- 3 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 03.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-02/25- 142 /वि०स०, पटना, दिनांक- 3 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / स्वास्थय विभाग/ वित्त विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 03.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-02/25- 142 /वि०स०, पटना, दिनांक- 3 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 03.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

03.03.2025